इस वीडियो में आप सीखेंगे की किस तरह से पुराने डेनिम शॉर्ट्स में कुछ बदलाव करके उन्हें खूबसूरत बनाया जा सकता है।

इसके लिए आपको ऐसे पुराने शॉर्ट्स की ज़रूरत होगी जो आपके लिए बेकार हो चुकी हैं। इसके साथ ही आपको दो बराबर के लैस पैच और कुछ बीडेड पिन्स की ज़रूरत होगी।

लैस पैच के ऊपरी मध्य भाग को शॉर्ट्स की साइड वाली सिलाई के ठीक ऊपर लगा कर पैच के ऊपर की तरफ बीडेड पिन लगा दीजिये।

बिलकुल ऐसे ही शॉर्ट्स की दूसरी तरफ भी कीजिये।

इन लैस पैच को शॉर्ट्स से जोड़ने के लिए अपनी अद्भुत उषा जनोमी मशीन का इस्तेमाल कीजिये।

मशीन का स्विच ऑन कीजिये पैटर्न सिलेक्टर को B और C के बीच में सेट कीजिये और स्टिच लेंथ को यानि टांको की लंबाई को 1 पर सेट कीजिये।

ऐसा इसलिए की लैस पैच कपडे से अच्छी तरह चिपक जाये।





अब सफाई के साथ हाथ चलाने के लिए एक्सटेंशन टेबल को निकाल कर शॉर्ट्स के एक भाग को प्रेशर फुट के नीचे लाएं और धीरे से प्रेशर फुट लीवर को नीचे कर दीजिए। अब ध्यान से लैस पैच के घुमावदार किनारो पर कपड़े को घुमाते हुए मशीन चलाते जाएं और बीडेड पिन को निकालते जाएं।

अगर आपको कपडे को घुमाना है तो प्रेशर फुट लीवर को ऊपर उठा दीजिये लेकिन ध्यान रहे की सुई बाहर ना निकली हो। इस तरह से आप कपड़े को आसानी से सफाई के साथ किसी भी तरफ घुमा सकते हैं।

जब सिलाई पूरी हो जाये तो प्रेशर फुट को ऊपर उठा दीजिये और शॉर्ट्स को निकाल कर बाहर निकले हुए धागों को सावधानी से काट दीजिये।

यही प्रक्रिया शॉर्ट्स के दूसरी तरफ भी अपनाइये। वाओ अब आपके पास एक बेहतरीन डिज़ाइनर शॉर्ट्स हैं।